मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-130
08/02/2023

# मुख्यमंत्री ने वैशालीगढ़ में निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप का किया निरीक्षण, सितंबर तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**पटना, 08 फरवरी 2023** :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज वैशाली जिले के वैशालीगढ़ पर निर्माणाधीन बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप का निरीक्षण किया। भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य में तेजी लायें और इसे सितंबर तक पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी भी इसकी सतत् निगरानी करते रहें। निर्माण कार्य हेतु पत्थर मिलने में हो रही कठिनाई के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर से निर्माण एजेंसी को पत्थर उपलब्ध कराने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि बुद्ध कलश स्तूप का निर्माण कार्य भी बेहतर ढंग से और तेजी से कराएं। परिसर में अच्छे ढंग से वाटर बॉडी का भी निर्माण कराएं। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं बुद्ध स्मृति स्तूप का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर यहां पर बाहर से और पर्यटक आएंगे। बोधगया और राजगीर आनेवाले श्रद्धालु यहां भी आएंगे। यहां पहुंचने के लिए आवागमन को भी बेहतर किया जा रहा है ताकि आसानी से और कम समय में पर्यटक यहां पर पहुंच सकें। वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक जगह है, यहीं से बौद्ध संघ में महिलाओं को प्रवेश मिला था और बाद में बौद्ध धर्म से बड़ी संख्या में महिलाएं जुड़ने लगीं। यहां पर अधिक से अधिक संख्या में पर्यटकों के आने से रोजगार बढ़ेगा। परिसर के अंदर भी रास्ते का निर्माण ठीक से कराएं।

कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव श्रीमती बन्दना प्रेयसी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वहां प्रदर्श योजना के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुद्ध के जीवन से संबंधित घटनाओं और बौद्ध धर्म से जुड़े प्रसंगों को यहां दर्शाया जाएगा।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री जितेंद्र कुमार राय, विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव श्रीमती बन्दना प्रेयसी, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अपर सचिव श्री दीपक आनंद, तिरहुल प्रमण्डल के आयुक्त श्री गोपाल मीणा, पटना के जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वैशाली के जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो और वैशाली के पुलिस अधीक्षक श्री मनीष सहित अन्य अधिकारीगण एवं निर्माण कार्य से जुड़ी एजेंसी के अधिकारी भी उपस्थित थे।

******